# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), पौड़ी गढ़वाल

## **प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिवेदन**

## **6 दिवसीय ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**विषय: Effective Use of Smart Class/Digital Smartboard in Classroom Teaching**

**प्रशिक्षण माध्यम: Online Mode (Google Meet)**

**समन्वयक (Coordinator): श्रीमती शालिनी भट्ट, ET Department, DIET Pauri**

**Resource Persons-**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित संसाधन व्यक्तियों द्वारा विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया—

- **श्री दौलत सिंह गुसाईं,रा०इ०का०सौली,जयहरिखाल**– ICT एवं Smart Class Concept
- **श्री अखिलेश घिल्डियाल, रा०इ०का० चौराखाल,खिर्सू**– AI Tools एवं Digital Content
- **श्री हरीश सती,अ०उ० रा०इ०का० खिर्सू,खिर्सू** – Smart Board Demonstration एवं Interactive Practices




**प्रस्तावना (Introduction)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के अनुरूप शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में **ICT Integration, Digital Pedagogy एवं AI आधारित नवाचार** को बढ़ावा देने हेतु यह 6 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को Smart Board एवं Digital Tools के माध्यम से **प्रभावी, सहभागितापूर्ण एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण** के लिए सक्षम बनाना था।

# दिन–वार विस्तृत प्रतिवेदन (Descriptive Day-wise Report)

## प्रथम दिवस (26 दिसंबर 2025)

**विषय:** Orientation एवं Smart Class की अवधारणा




**सुगमकर्ता:** श्री दौलत सिंह गुसाईं

प्रथम दिवस का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम (Google Meet) के द्वारा किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में यह रेखांकित किया कि वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे तकनीक के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि Smart Board एवं Digital Tools का उपयोग शिक्षण में नवाचार लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और सभी शिक्षकों को इसे अपनाना चाहिए।

सत्र की शुरुआत में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की रूपरेखा, उद्देश्य एवं अपेक्षित परिणामों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात Smart Class की अवधारणा, उसकी आवश्यकता एवं वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र के दौरान पारंपरिक कक्षा एवं Smart Classroom के बीच अंतर को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया गया, जिससे प्रतिभागियों को यह समझने में आसानी हुई कि Smart Board शिक्षण को कैसे अधिक प्रभावी बना सकता है।

## द्वितीय दिवस (29 दिसंबर 2025)

**विषय:** ICT Tools (Canva, PowerPoint, Kahoot)

**सुगमकर्ता:** श्री दौलत सिंह गुसाईं




द्वितीय दिवस में शिक्षकों को विभिन्न ICT Tools के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। Canva के माध्यम से डिजिटल पोस्टर, प्रेजेंटेशन एवं Infographics तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई।

PowerPoint का उपयोग कर प्रभावी एवं संरचित शिक्षण सामग्री तैयार करने के तरीके बताए गए। इसके साथ ही Kahoot का उपयोग कर Quiz आधारित मूल्यांकन एवं छात्र सहभागिता बढ़ाने के उपायों का प्रदर्शन किया गया।

इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों ने यह समझा कि डिजिटल टूल्स का उपयोग करके कक्षा को अधिक रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाया जा सकता है।

**तृतीय दिवस (30 दिसंबर 2025)**

**विषय:** AI Tools एवं Digital Assessment




**सुगमकर्ता:**

- श्री अखिलेश घिल्डियाल
- श्री हरीश सती

तृतीय दिवस में AI आधारित टूल्स के शैक्षिक उपयोग पर विशेष बल दिया गया। NotebookLM के माध्यम से कंटेंट सारांश एवं अध्ययन सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई। ChatGPT एवं अन्य AI tools के माध्यम से Lesson Plan तैयार करने एवं शिक्षण सामग्री विकसित करने के व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए गए। साथ ही Google Forms का उपयोग कर ऑनलाइन मूल्यांकन एवं फीडबैक संग्रह की प्रक्रिया सिखाई गई।

इस दिन शिक्षकों को यह स्पष्ट रूप से समझाया गया कि AI tools शिक्षण प्रक्रिया में सहायक हैं और इन्हें प्रभावी ढंग से अपनाकर शिक्षण को अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

**चतुर्थ दिवस (20 जनवरी 2026)**

**विषय:** Smart Board Live Demonstration
**सुगमकर्ता:** श्री हरीश सती




द्वितीय चरण के प्रथम दिवस में Smart Board का वास्तविक (real-time) प्रदर्शन कराया गया। इस सत्र में Smart Board के hardware एवं software components की जानकारी दी गई तथा इसके विभिन्न functions का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया

शिक्षकों को यह दिखाया गया कि Smart Board का उपयोग कक्षा में किस प्रकार किया जा सकता है, जिससे शिक्षण अधिक स्पष्ट एवं प्रभावी बन सके।

**पंचम दिवस (21 जनवरी 2026)**







**सुगमकर्ता:**

- श्री हरीश सती
- श्री अखिलेश घिल्डियाल

इस दिन Smart Board के विभिन्न interactive tools का व्यावहारिक उपयोग सिखाया गया। Annotation tools, split screen, mind mapping एवं multimedia content integration के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के तरीके प्रदर्शित किए गए।

साथ ही NotebookLM द्वारा तैयार सामग्री का उपयोग कर यह दिखाया गया कि किस प्रकार डिजिटल कंटेंट को Smart Board के साथ एकीकृत किया जा सकता है।

इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों को वास्तविक कक्षा जैसी स्थिति में teaching का अनुभव प्राप्त हुआ।

**षष्ठम दिवस (22 जनवरी 2026)**






**विषय:** पुनरावलोकन, अनुभव साझा एवं समापन

अंतिम दिवस पर पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समग्र पुनरावलोकन किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को कक्षा में लागू करने के तरीकों पर चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा AI tools का उपयोग करते हुए तैयार किए गए Lesson Plans एवं Infographics प्रस्तुत किए गए, जिससे प्रशिक्षण के व्यावहारिक परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आए।प्राचार्य महोदय ने अपने समापन वक्तव्य में शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे Smart Board एवं AI tools का नियमित उपयोग करें तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं नवाचारी बनाएं। साथ ही उन्होंने निरंतर सीखने एवं स्वयं को अद्यतन रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

**प्रतिभागिता एवं फीडबैक**

- कुल **60 शिक्षक नियमित रूप से प्रशिक्षण में शामिल हुए**
- **48 शिक्षकों द्वारा Google Form के माध्यम से फीडबैक प्राप्त हुआ**
- प्रतिभागियों द्वारा:
    - AI tools का उपयोग कर Lesson Plan तैयार किए गए
    - Infographics विकसित कर प्रस्तुत किए गए

**निष्कर्ष (Conclusion)**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए एक **समग्र एवं परिवर्तनकारी अनुभव** सिद्ध हुआ। इसने शिक्षकों को न केवल तकनीकी रूप से सशक्त बनाया, बल्कि उन्हें भविष्य की **Digital एवं Smart Classrooms** के लिए तैयार किया।

**प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता:**

**श्रीमती शालिनी भट्ट**
Coordinator, ET Department
DIET, Pauri Garhwal